Indian Streams Research Journal
ISSN: 2230-7850 Impact Factor : 4.1625(UIF) Volume - 6 | Issue - 11 | December - 2016

# विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन के गुण

डॉ. सुग्रीव सिंह
लाईब्रेरियन , विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र इलाहाबाद।

**प्रस्तावना:**
जिस प्रकार हृदय के अभाव में मनुष्य की कल्पना ही नहीं की जा सकती है उसी प्रकार ग्रन्थालय के अभाव में विश्वविद्यालय की कल्पना करना भी निरर्थक है। चूँकि उच्च शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाती है अतः विश्वविद्यालय का हृदय उसका ग्रन्थालय होता है। विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा तथा व्यावहारिक एवं मूल विषयों के सैद्धांतिक पक्ष पर अनुसंधान कार्य किये जाते हैं। जिसके फलस्वरूप ग्रन्थालय का योगदान नवीन विषयों की खोज में बड़ा ही महत्वपूर्ण होता है। यदि हमें विश्वविद्यालय को जीवित रखना है तो उसके ग्रन्थालयों को भी जीवित रखना पड़ेगा तब कहीं जाकर विश्वविद्यालय अपने उद्देश्य की पूर्ति करने में सफल होंगे।
विश्वविद्यालय ग्रन्थालय को कुशलपूर्वक संचालित कराने का दायित्व लाईब्रेरियन का होता है। विश्वविद्यालय में जितना कुशल एवं योग्य लाईब्रेरियन होगा, उतना ही ग्रन्थालय का कार्य कुशलपूर्वक होगा। लाईब्रेरियन के लिए एक सूक्ति निम्न है –"Librarian is a Master of Masters because Master help only students and Librarian help Student, Teacher and all other users."

**विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन की योग्यता :–** लाईब्रेरियन विश्वविद्यालय ग्रन्थालय का सर्वोच्च अधिकारी होता है, उसके अधीन उप लाईब्रेरियन, सहायक लाईब्रेरियन तथा अनेक सहायक



कर्मचारी होते हैं। लाईब्रेरियन का कार्य एक चुनौतीपूर्ण होता है इसलिए इस कार्य को कुशलतापूर्वक करने में वही व्यक्ति सफल हो सकता है जिसमें अपने व्यक्तिगत श्रेष्ठ गुणों के साथ–साथ, व्यावसायिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, विविध विषयों का ज्ञान, बौद्धिक क्षेत्र में छात्रों, अध्यापकों, शोध छात्रों को मार्गदर्शन करने की क्षमता तथा अपने मौलिक सुझाव प्रस्तुत करने की योग्यता आदि का होना आवश्यक है। एक लाईब्रेरियन को ग्रन्थालय में उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यों को करने के लिए उसमें उच्च शैक्षणिक, व्यावसायिक योग्यताएं तथा पर्याप्त अनुभव होना आवश्यक है।
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ग्रन्थालय समिति ने विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन का स्टेटस एवं वेतनमान विश्वविद्यालय प्रोफेसर के समान माना है एवं विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन की निम्न योग्यताएं निर्धारित की हैं :–

1.प्रथम श्रेणी में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में परास्नातक के अतिरिक्त एक अन्य विषय में भी परास्नातक होना चाहिए।
2.पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान अथवा अन्य विषय में डॉक्टरेट की उपाधि होनी चाहिए।
3.किसी विश्वविद्यालय अथवा कालेज ग्रन्थालय में निर्धारित न्यूनतम शोध एवं कार्य का अनुभव होना चाहिए।
4.एक स्वचालित ग्रन्थालय का अच्छा ज्ञान भी अवश्य होना चाहिए।

**व्यक्तिगत गुण एवं योग्यता :–**
एक विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन में उपरोक्त सभी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता के साथ अन्य योग्यता भी अत्यंत आवश्यक है जो निम्नलिखित हैः–
**1.सभी विषयों का ज्ञानः–** विश्वविद्यालय ग्रन्थालय में भिन्न–भिन्न विषयों के छात्र, अध्यापक, शोधकर्ता तथा विद्वान अपनी जिज्ञासा को शांत एवं तृप्त करने के लिए पाठक के रूप में आते हैं अतः उन्हें संतुष्ट करने के लिए लाईब्रेरियन में सभी विषयों का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है।
**2.प्रशासनिक क्षमता :–** विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन में प्रशासनिक क्षमता के अंतर्गत पाठ्यसामग्री में संचित ज्ञान को केन्द्रित करने, उसकी समुचित व्यवस्था करने तथा ग्रन्थालय के समस्त कर्मचारियों पर सौहार्दपूर्ण नियंत्रण करना आवश्यक है। सामान्य रूप से विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन में निम्न प्रशासनिक गुण होना चाहिएः–

(i)कर्मचारियों की योग्यता एवं अनुभव परखने की क्षमता।
(ii)विश्वास उत्पन्न करने वाली भाषा।
(iii)स्पष्ट आदेश देने एवं निर्णय लेने की योग्यता।
(iv)आधुनिकतम पद्धतियों एवं सेवाओं के प्रति निरन्तर प्रयत्नशील।
(v)अधीनस्थों से परामर्श प्राप्त करने की इच्छा।
(vi)नेतृत्व शक्ति का विकास।

**3.अध्ययन एवं षोधकार्य में रूचि :–** चूँकि विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्य क्षेत्र अध्ययन एवं शोध के विषयों के संदर्भ में ज्ञान जगत (Universe of knowledge) से निरंतर सम्पर्क बनाये रखना है इसके लिए लाईब्रेरियन को निरंतर अध्ययनशील होना चाहिए। इस तरह लाईब्रेरियन ज्ञान एवं सूचना के विविध आयामों से परिचित होता है तथा उनसे छात्रों, शिक्षकों व शोधकर्ताओं को अवगत एवं मार्गदर्शन भी करता है।

**4.कार्य का अनुभव :–** विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन में अध्ययन एवं शोध से सम्बंधित योग्यताओं के साथ–साथ प्रभावशाली ढंग से अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कार्य का अनुभव होना अति

आवश्यक है इसलिए विश्वविद्यालय ग्रन्थालय में लाईब्रेरियन पद के लिए साधारणतया व्यावसायिक पद पर कम से कम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव आवश्यक है।

***5.शारीरिक क्षमताएँ :–*** शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि के साथ–साथ लाईब्रेरियन में कुछ शारीरिक क्षमताओं एवं गुणों का होना भी अति आवश्यक है जिनमें से कुछ निम्न हैं :–

i. आकर्षक व्यक्तित्व, ii.. अनुशासनप्रिय, iii. उच्च नैतिकता, iv. मृदुभाषी, v. सहानुभूति वाला दृष्टिकोण, vi.मदद करने की प्रवृत्ति, vii.. कार्य करने की क्षमता।

*निष्कर्ष :–*

विश्वविद्यालय लाईब्रेरियन का कार्य एवं उत्तरदायित्व बहुत ही महत्वपूर्ण होता है क्योंकि विश्वविद्यालय ग्रन्थालय का योगदान शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में अधिक होता है। लाईब्रेरियन के बिना विश्वविद्यालय ग्रन्थालय के कार्यों एवं सेवाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न करना मुश्किल होगा।

विश्वविद्यालय में नित नये–नये खोजों के आविष्कार में ग्रन्थालय का बहुत ही अधिक योगदान होता है। जिसके लिए लाईब्रेरियन ही सभी कार्यों को सम्पादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है इसलिए प्रत्येक विश्वविद्यालय ग्रन्थालय में योग्य लाईब्रेरियन का होना नितांत आवश्यक है। लाईब्रेरियन के अभाव में बेहतर शैक्षणिक एवं शोध कार्यों की कल्पना करना व्यर्थ होगा।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हम कह सकते हैं कि योग्य लाईब्रेरियन के बिना विश्वविद्यालय ग्रन्थालय की कल्पना करना ही अनुचित होगा क्योंकि लाईब्रेरियन ही विश्वविद्यालय ग्रन्थालय का सर्वोच्च अधिकारी होता है और उनमें ही समस्त प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं तकनीकी गुणों के समन्वय से एक विश्वविद्यालय ग्रन्थालय को कुशलपूर्वक संचालित कराने में सक्षम होगा।

*संदर्भ स्रोत :–*

1. त्रिपाठी, एस0एम0 : पुस्तकालय एवं समाज, 1999, आगरा, वाई.के. प्रकाशन।
2. शर्मा, बी.के. : शैक्षणिक पुस्तकालय, 2004, आगरा, वाई.के. प्रकाशन।
3. शर्मा, प्रह्लाद : शैक्षणिक पुस्तकालय, 2006, नई दिल्ली, एस.एस. प्रकाशन।
4. सिंह, आर.के. : आधुनिक पुस्तकालय, 2010, नई दिल्ली।
5. अंसारी, एम.एम. : पुस्तकालय संगठन एवं प्रबन्धन, 2001, वाराणसी, कला प्रकाशन।
6. शर्मा, बी.के. : ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान, 1999, आगरा, वाई.के. प्रकाशन।
7. शर्मा, पाण्डेय एस.के. : पुस्तकालय और समाज, 2007, नई दिल्ली, ग्रन्थ अकादमी।
8. कृष्ण कुमार : पुस्तलकालय संगठनय, 1987, नई दिल्ली, विकास पब्लिशिंग हाउस।
9. रंगनाथन, एस.आर. : न्यू शैक्षणिक स्कूल लाईब्रेरी, 1973, नई दिल्ली, विकास पब्लिशिंग हाउस।
10. शर्मा, प्रह्लाद : पुस्तकालय और समाज, 2002, जयपुर, युनिवर्सिटी पब्लिकेशन।
11. शैनी, ओम प्रकाश : पुस्तकालय और समाज, 2009, आगरा, वाई.के. प्रकाशन।
12. इग्नू, नई दिल्ली, वि.लिब. अध्ययन सामग्री।
13. यू.पी.आर.टी.ओ.यू., इलाहाबाद, वि.लिब. अध्ययन सामग्री।

